फार्म नं.– III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मुकाम श्रीविजयनगर

उषा बनाम सरकार

अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम नम्बर 123 सन् 2025

जी.सी.एम.एस. आईडी :2025/206

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी किये गये
07.08.2025	उप तहसीलदार जैतसर के पत्रांक 569 दिनांक 24.07.2025 के द्वारा जमाबंदी चक 1 जीबी ए खाता सं. 148 में दर्ज प्रार्थी उषा के पति का नाम डूंगर मल दर्ज करने बाबत् अनुशंषा सहित पत्र प्राप्त हुआ। पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि जमाबंदी में नाम उषा पत्नी डूंगर सिंह लिखा हुआ है जबकि सही नाम उषा पत्नी डूंगर मल है। नाम सही करने हेतु निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 136 के तहत दर्ज रजिस्टर किया जावे। प्रार्थना पत्र एवं रिपोर्ट उप तहसीलदार जैतसर के पत्र के साथ प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया। प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत छायाप्रतियां दस्तावेज मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जन आधार कार्ड, आधार कार्ड में नाम उषा व पति का नाम डूंगर मल दर्ज है। जमाबंदी चक 1 जीबी ए खाता सं. 148 में दर्ज भूमि प.नं. 126/374 मु.नं. 44 कि.नं. 18/4/0.050है. गै.मु. वाणिज्यिक के काश्तकार का नाम उषा पत्नी डूंगरसिंह अंकित है। प्रस्तुत बैयनामा दिनांक 06.02.1997 इकबाल सिंह बहक उषा का अवलोकन किया। बैयनामा में नाम उषा पत्नी डूंगर राम अंकित है। नामान्तरकरण सं. 73 के द्वारा भूमि बैयनामा के आधार पर दर्ज करते समय उषा पत्नी डूंगर सिंह के नाम खातेदार दर्ज हो गया। नामान्तरकरण करते समय भूमि खातेदारी थी। प्रस्तुत दस्तावेजों एवं उप तहसीलदार जैतसर की अनुशंषा के आधार पर दुरूस्ती किया जाना उचित है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा उप तहसीलदार जैतसर को आदेश दिया जाता है कि राजस्व रिकार्ड चक 1 जीबी ए खाता सं. 148 में दर्ज प्रार्थी के नाम उषा पत्नी डूंगर सिंह को दुरूस्त करते हुए [illegible] पर उषा पत्नी डूंगर मल दर्ज किया [illegible] तहसीलदार जैतसर को पालनार्थ प्रेषित की जावे। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैंसले में शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। Signature Not Verified Digitally signed by Shakuntala Date: 2025.08.20 11:17:11 IST Reason: SelfAttested शकुन्तला उपखण्ड अधिकारी श्रीविजयनगर उपखण्ड अधिकारी श्री विजयनगर	

अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्री विजयनगर